लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3071
6 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में वस्त्र उद्योग
खोलना

3071. श्री बसंत कुमार पांडाः
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ओडिशा या विशेष रूप से कालाहाण्डी निर्वाचन क्षेत्र में एक वस्त्र उद्योग खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): सरकार का कार्य इकाईयों की स्थापना करने के लिए उद्योग और निजी उद्यमियों के लिए समर्थकारी स्थितियों के साथ अनुकूल पारिस्थितिकी प्रणाली तैयार करने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक अनुकूल नीतिगत वातावरण सुनिश्चित करना है। सरकार के नीतिगत प्रयास और योजनाओं में संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ए-टीयूएफएस), विद्युतकरघा क्षेत्र विकास योजना (पावरटेक्स), प्रौद्योगिकी वस्त्र हेतु योजना, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी), एसआईटीपी के अंतर्गत अपैरल निर्माण के लिए अतिरिक्त अनुदान योजना (एसएजीएएम), समर्थ-वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना (एससीबीटीएस), पटसन (आईकेयर- उन्नत कृषि और विकसित रेटिंग प्रक्रिया), एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस), राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, व्यापक हथकरघा कलस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस), सिल्क समग्र, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम (आईडब्लयूडीपी), पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र संवर्धन योजना (एनईआरटीपीएस), राज्य और केंद्रीय कर तथा लेवियों की छूट (आरओएससीटीएल) आदि शामिल हैं। सरकार ने विशेष रूप से गारमेंटिंग तथा मेड-अप्स में रोजगार सृजन तथा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 6,000 रुपए के परिव्यय के साथ वस्त्र क्षेत्र हेतु एक विशेष पैकेज को भी अनुमोदित किया है। उपर्युक्त योजनाएं कालाहांडी, उड़ीसा सहित पूरे देश में वस्त्र उद्योगों/इकाईयों के संवर्धन/उन्नयन पर केंद्रित हैं। उड़ीसा राज्य सहित राज्यों/कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्दिष्ट भौतिक लक्ष्य आवंटित किए जाते हैं।

*****